भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 168

जिसका उत्तर दिनांक 03.02.2022 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा स्टेशन की स्थापना

168 श्री कनकमेदला रवींद्र कुमार :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश राज्य में परमाणु ऊर्जा स्टेशन की स्थापना करने में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(ख) परमाणु ऊर्जा स्टेशन को कब तक चालू और संकलित किया जाएगा, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) कोव्वडा, श्रीकाकुलम जिला, आंध्र प्रदेश में 6X1208 मेगावाट नाभिकीय विद्युत परियोजना स्थापित करने में हुई प्रगति का ब्यौरा निम्नलिखित है :

i. भूमि अधिग्रहण - संयंत्र स्थल (कुल 2079.79 एकड़ में से) 2061.1 एकड़ भूमि का एनपीसीआईएल के नाम पर अंतरण जिला प्राधिकारियों द्वारा पूरा कर लिया गया है । आर एंड आर कॉलोनी और आवासीय टाउनशिप के लिए भूमि अभिनिर्धारित कर अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है ।

ii. अभि-तट भू-तकनीकी कार्य प्रगति पर है ।

iii. पर्यावरणीय मॉनीटरन और मसौदा समुद्री प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट पर्यावरणीय अनुमति प्राप्त करने के भाग के रूप में समीक्षाधीन है ।

iv. परियोजना प्रस्ताव पर निर्णय लेने के लिए वेस्टिंग हाउस इलेक्ट्रिक कंपनी के साथ चर्चा प्रगति पर है ।

(ख) परियोजना प्रस्ताव को अंतिम रूप दिए जाने पर इसे प्रशासनिक अनुमोदन और वित्तीय मंजूरी प्राप्त करने के लिए सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा । परियोजना निर्माण सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद आरम्भ होगा । यूनिटों के संकालन की तारीख प्रत्येक यूनिट के निर्माण के आरम्भ होने की तारीख पर निर्भर करेगी ।

* * * * *